तापमान
अधिकतम .24 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

4
महापल्ली और गोपालपुर को मिली महतारी सदन की सौगात



## खबर संक्षेप

### होमगार्ड के लिए भर्ती परीक्षा आज

**झारसुगुड़ा।** झारसुगुड़ा जिले में रिक्त 102 होमगार्ड पदों की भर्ती के लिए आज लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में 4040 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा ओएसएपी बटालियन मैदान में संपन्न हो रही है। जानकारी के अनुसार इस लिखित परीक्षा के बाद 1010 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें अगले चरण यानी शारीरिक परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। परीक्षा को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रश्नपत्र लीक जैसी किसी भी आशंका को रोकने के उद्देश्य से ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों को भी मोबाइल फोन रखने की अनुमति नहीं दी गई है।

### किकिरदा में नाचबो अऊ नचाबो डांस स्पर्धा 31 को

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के बजरंग चौक में नाचबो अऊ नचाबो डांस प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसंबर बुधवार रात्रि 8 बजे से रखा गया है। डांस प्रतियोगिता अलग-अलग तीन विधाओं में रखा गया है। तीनों विधाओं में आकर्षक पुरस्कार इनाम स्वरूप दिया जाएगा। ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

### हनुमान मंदिर में अखंड संकीर्तन 31 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा पौष दवादशी 31 दिसंबर को 24 घंटे का अखंन्ड सीतारामनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का पावन दिन 22 जनवरी 2024 को सपन्न हुआ था। उस समय भारतीय पंच्चाग के अनुसार पौष शुक्ल दवादशी तिथि थी, यही दिन देशभर में कूर्म जंयती के रुप में मनाया जाता है।

### तीन दिवसीय आंदोलन पर जाएंगे कर्मचारी-अधिकारी

सक्ती। प्रांतीय निकाय के आव्हान पर जिले के कर्मचारी अधिकारी अपने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय निश्चितकालीन आंदोलन 29, 30, 31 दिसंबर को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक कलेक्ट्रेट सक्ती के समक्ष जेठा में करेंगे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सक्ती के जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज ने बताया कि इसमें कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत, जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, पंचायत एवं समाज कल्याण, महिला बाल विकास विभाग, आबकारी विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय, एस.डी.एम. कार्यालय, सहित सारे शासकीय दफ्तरों में काम काज बंद हो जाएगा। आगे जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज ने बताया है कि फेडरेशन की ओर से तीसरा चरण का निश्चितकालीन हड़ताल छत्तीसगढ़ शासन के उपेक्षा पूर्ण रवैया के कारण निर्मित हुई है, जिन मांगो को लेकर हड़ताल करने बाध्य हुए है। सरकार द्वारा चुनावी घोषणा पत्र 2023 में कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए मोदी की गारंटी लागू किए जाने की बात कही थी। अब दो वर्ष से ज्यादा छत्तीसगढ़ शासन को हो गया है, मगर आज पर्यन्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों के हित में कोई भी पहल नहीं करने से कर्मचारियों में घोर निराशा एवं आक्रोष व्याप्त है। हड़ताल को सफल बनाने के लिए जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज, प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, संरक्षक विजय बहादुर सिंह, खगेश कुमार पटेल, कार्यकारी जिला संयोजक राधेश्याम साहू, महिला प्रकोष्ठ जिला संयोजिका श्रीमती पार्वती खुंटे, जिला महासचिव डॉ. श्रीमती रजनी पटेल, जिला उपाध्यक्ष संतोष सोनी, फेडरेशन तहसील सक्ती संयोजक मनोज राठौर, सुरेश कुमार जायसवाल, यशवंत पटेल, आर. के. रजक आदि शामिल रहे।

## जनसुनवाई निरस्त करने प्रशासन ने शुरु की प्रक्रिया, प्रतिनिधि मंडल से पहले दौर की चर्चा भी हुई

# बलवा के बाद प्रशासन की अपील, बनाए रखें शांति जनसुनवाई हो सकती है निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शनिवार को तमनार के सीएचपी चौक में हुए पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प के बाद प्रशासन ने जहां शांति बनाए रखने की अपील की है। वहीं जनसुनवाई निरस्त होने की उम्मीद भी जग गई है। जानकारी के अनुसार बीते 8 दिसंबर को बंद कमरे में हुई जनसुनवाई निरस्त करने की प्रक्रिया भी प्रशासन ने चालू कर दी है। दूसरी ओर आंदोलनकारियों के प्रतिनिधि मंडल से पहले दौर की बातचीत भी हो चुकी है। कुल मिलाकर बीते 22 दिनों से 14 गांवों के ग्रामीणों द्वारा की जा रही आंदोलन का सुखद पटाक्षेप हो सकता है। हालांकि यह कब तक होगा यह कह पाना मुश्किल है।

**खास बात**
- घटना के बाद रविवार को सुबह फिर 14 गांव के लोग पहुंचे धरना स्थल

घरघोड़ा एसडीएम डीपी अधिकारी ने जनसुनवाई निरस्त करने की प्रक्रिया आगे बढ़ने की जानकारी दी है। कोल ब्लॉक से प्रभावित 14 ग्रामीणों ने बीते 8 दिसंबर को हुई जनसुनवाई को अवैधानिक करार देते हुए निरस्त करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। 20 दिनों तक ग्रामीणों का आंदोलन शांति पूर्वक चल रहा था, लेकिन शनिवार को अचानक यह आंदोलन दंगा में तब्दील हो गया। इसका कारण आंदोलन को खत्म कराने पुलिस द्वारा बलपूर्वक की गई आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी को माना जा रहा है।



तमनार में बलवा : शांति से चल रहा ग्रामीणों का आंदोलन दंगे में हो गया तब्दील

महिला टीआई को सड़क पर घसीटा एसडीएम की कार और बस को फूंका

बेकाबू भीड़ को काबू करने पुलिस ने जमकर लाठी भांजी

जनसुनवाई का विरोध कर रहे ग्रामीणों की गिरफ्तारी के बाद फूटा जनाक्रोश

क्षेत्र में तनाव का माहौल, मीडिया की भी एंट्री बंद

एसडीओपी, टीआई सहित कई पुलिसकर्मी घायल

**धौराभांठा में हुई थी जनसुनवाई**

कोल ब्लॉक गारे पेलमा सेक्टर वन की जनसुनवाई बीते 8 दिसंबर को हुई थी। इसके पहले भी एक बार जनसुनवाई आयोजित करने की तारीख तय हो गई थी, लेकिन ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद उसे निरस्त कर दिया गया था। उसके बाद 8 दिसंबर को जनसुनवाई हुई, लेकिन वह प्रस्तावित स्थल के बजाए अन्य जगह पर हुई। वहां भी किसी ग्रामीण को जाने नहीं दिया गया। उनके ही समर्थकों से जनसुनवाई पूरी करा दी गई। इसके खिलाफ प्रभावित 14 गांव के सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष आंदोलन कर रहे हैं। इस जनसुनवाई को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने धरना स्थल से 20-25 लोगों को पहले उठा लिया। इसके बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच जमकर लात घूसें और डंडा चली। इस घटना में सबसे ज्यादा चोट पुलिस जवानों को आई। दूसरी ओर तमनार टीआई कमला पुसाम को महिलाओं ने सड़क पर घसीट कर लात घूसों से पिटाई कर दी। इससे वह बेहोश भी हो गई जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस घटना के लिए प्रशासन को जहां लोगों ने जिम्मेदार ठहराया। वहीं कलेक्टर ने इसे असामाजिक तत्वों का करतूत करार दिया। बहरहाल इस पूरे घटना क्रम का सुखद पटाक्षेप होने की उम्मीद की जा रही है। कारण जनसुनवाई को निरस्त करने की बात प्रशासन द्वारा कही जा रही है।

## केशला में खुले आसमान तले शव दाह करने की मजबूरी

**तुस्मा।** नवागढ़ विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केशला में आज भी शेडयुक्त श्मशान घाट नहीं बन सका है। ऐसे में खुले आसमान के नीचे शव का अंतिम संस्कार करने की मजबूरी बनी हुई है। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से वे इस समस्या को लेकर पंचायत,जनपद और संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराते आ रहे हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। गांव में न तो पक्का श्मशान घाट है और न ही शेड पानी,बैठने या लकड़ी रखने जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। बरसात या ठंड हर मौसम में परिजनों को खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी योजनाओं और बजट की जानकारी होने के बावजूद पंचायत और विकासखंड स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील समय में परिवार पहले से ही मानसिक पीड़ा में होता है, ऐसे में खुले में शव दाह करना उनके दुख को और बढ़ा देता है।

## हिंसक घटना की जांच के लिए कांग्रेस भेजेगी प्रतिनिधिमंडल, ग्रामीणों से करेंगे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शनिवार को तमनार में हुई हिंसक घटना को लेकर जिला कांग्रेस ने प्रेस कांफ्रेस का आयोजन किया। कांग्रेस के द्वारा इस घटना की न्यायिक जाँच कराने, रायगढ़ कलेक्टर और एसपी को तत्काल बर्खास्त करने तथा कथित फर्जी जनसुनवाई को निरस्त करने की मांग की गई।

कांग्रेस ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि तमनार की घटना प्रशासनिक संवेदनहीनता का परिणाम है। यदि समय रहते ग्रामीणों से बातचीत कर समाधान की कोशिश की गई होती तो हालात हिंसा तक नहीं पहुँचते। दूसरी ओर कांग्रेस इस पूरे मामले की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने अपना प्रतिनिधि मंडल तमनार भेजेगी। यह प्रतिनिधि मंडल प्रभावित ग्रामीणों, प्रत्यक्षदर्शियों और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को सौंपेगा। कांग्रेस ने कहा कि यदि सरकार और प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन छेड़ेगी।



**जिला प्रशासन की निष्क्रियता पर उठाए सवाल**

कांग्रेस नेताओं के द्वारा जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा गया कि हिंसा के लिए जिला प्रशासन ही पूरी तरह जिम्मेदार है। हालात बिगड़ने से पहले कलेक्टर को या किसी प्रशासनिक अधिकारी को धरना स्थल पर जाना चाहिए था।ग्रामीणों से बातचीत कर हल निकालना चाहिए था, लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई वहां नहीं गया,जिसका नतीजा हिंसा के रूप में सामने आया।

## सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी गाड़ियां बन रही हादसे का कारण, एक महीने के भीतर 5 से अधिक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सड़क किनारे अवैध रूप से हो रही गाडियों की पार्किंग की वजह से जिले में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं,इस अवैध पार्किंग की वजह से एक माह के अंदर ही अब तक कई एक्सीडेंट हो चुके हैं, जिसमें अब तक 5 से अधिक लोगों की जान चली गई, बावजूद इसके जिम्मेदार इस पर चुप्पी साधे हुए हैं।

शहर के नेशनल हाइवे नंबर 49 पर सड़क के किनारेइ अवैध रूप से ट्रकों की पार्किंग की जाती है, सड़क के किनारे हर रोज ट्रकों की लंबी लाइनें खडी रहती है, रात के समय धुंध एवं अंधेरे की वजह से यह गाडियां दिखाई नहीं देती है जिसकी वजह से एक्सीडेंट हो रहे हैं। ट्रैफिक विभाग के द्वारा इन गाडियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। रात के समय हाईवे पर खड़ी गाड़ियां दिखाई तक नहीं देती है, और ना ही रात में इन गाडियों में लाईटें जलती है और ना ही डिपर, जिसकी वजह से गाड़ियां दिखाई नहीं देती,खासकर ठंड के समय दिक्कत ज्यादा बढ़ जाती है, एक तो कोहरे की वजह से विजिबिलटी कम हो जाती है दूसरी तरफ हाईवे पर अंधेरे की वजह से और समस्या बढ़ जाती है।



सड़क के किनारे पार्किंग करना पूरी तरह गलत है,विभाग के द्वारा ऐसे वाहनों पर कार्रवाई निरंतर की जाती है, इसके बाद भी अगर स्थिती नहीं सुधर रही है तो फिर से अभियान चलाकर इन्हें हटाया जाएगा।

**उत्तम प्रताप सिंह**
डीएसपी यातायात विभाग

**हो चुके है कई हादसे**

सड़क पर खड़ी अवैध रूप से गाड़ियों की वजह से कई हादसे हो चुके हैं, इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। दिसंबर माह में ही सड़क पर खड़ी गाडियों की वजह से 5 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, अभी कुछ दिन पहले ही कोड़ातराई क्षेत्र में खडी गाड़ी से टकरानें की वजह से 4 लोगों की मौत हो गई थी, वहीं बायंग चौक में भी सड़क किनारें खडी गाडी से टकरानें की वजह से एक शिक्षक की मौत हो गई थी।

**कार्रवाई कर भूल जाता है विभाग**

यातायात विभाग के द्वारा सड़क पर खडी गाडियों पर कुछ समय पहले कार्रवाई कर जुर्माना लगाया गया था,उसके बाद भी स्थिती जस की तस बनी हुई है। विभाग के द्वारा चलित पेट्रोलिंग वाहन भी केवल एक दिखावा बन कर रह गई है। कई एक्सीडेंट और मौत के बाद भी विभाग के द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## बीते साल की तुलना में धरमजयगढ़ के खरीदी केंद्रों में ज्यादा खरीदी

**कंट्रोल करने दी नसीहत, हर सेंटर में तीन से पांच हजार क्विंटल अधिक खरीदी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धान खरीदी को कंट्रोल करने प्रशासन हर हथकंडे अपना रही है। पहले जहां 10 एकड़ से अधिक रकबा वाले किसानों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा था। वहीं अब 5 एकड़ से अधिक रकबा वाले किसानों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। दूसरी ओर अनावरी रिपोर्ट के मुताबिक धान खरीदी करने दबाव बनाया जा रहा है। इसी तरह अभी तक का जो रिपोर्ट है उसके मुताबिक धरमजयगढ़ तहसील के खरीदी केंद्रों में बीते साल की तुलना में कहीं तीन तो कहीं पांच हजार क्विंटल ज्यादा धान खरीदी हो चुकी है। इसे अब कंट्रोल करने की नसीहत अधिकारी दे रहे हैं। इसके लिए रविवार होने के बाद भी बैठक रखी गई थी। इसमें धरमजयगढ़ क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक समिति प्रबंधक मौजूद थे। जिले में धान खरीदी कम करने को लेकर प्रशासन तरह-तरह के उपाय कर रहा है। कभी भौतिक सत्यापन तो कभी रकबा समर्पण। इसके अलावा भी कई तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। इसके बाद भी बीते साल की तुलना में अब तक केवल 70 हजार क्विंटल ही कम धान खरीदी हुई है। ऐसे में समिति प्रबंधकों पर अब डोरे डालना शुरु हो गया है। उनके उपर नोडल, पटवारी समेत तीन अधिकारियों का बैठाया गया है। उनके द्वारा हर संभव कोशिश की जा रही है धान खरीदी कम करने की । दूसरी ओर धरमजयगढ़ तहसील में ज्यादा हालात खराब है। वहां हर सेंटर में बीते साल की तुलना में तीन से पांच हजार क्विंटल ज्यादा खरीदी हो चुकी है। ऐसे में उसे कंट्रोंल करने रविवार को बैठक ली गई है।



**पहली लॉट चावल जमा**

इस खरीफ सीजन का पहली लॉट चावल भी जमा हो चुकी है। शुक्रवार को नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम में राइस मिलर ने जमा कर दिया है। पहली लॉट में कितना चावल जमा हुआ है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन अब हर दिन चावल होने की बात कही जा रही है। हालांकि यहां तो हालात यह है कि बीते 2023-24 और 2024-25 का भी चावल जमा नहीं हो सका है। याने यहां राइस मिलरों की ही चलती है, अधिकारियों का कोई सुनता ही नहीं है।

## शिक्षिका के सूने घर में चोरों ने बोला धावा, ले उड़े लाखों के जेवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिला मुख्यालय में चोरों ने हाई स्कूल की एक व्याख्याता के सुने मकान को निशाना बनाया है। चोरों ने मकान से सोने चांदी के जेवरात के अलावा 2 लाख के सामानों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। साथ ही किराएदार के मकान का भी ताला तोड़कर वहां भी चोरी की गई है। पीड़िता रिपोर्ट के बाद सिटी कोतवाली पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज जांच शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक आशा भगत ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह गेरवानी हाई स्कूल में व्याख्याता के पद पर पदस्थ है, और रामभाठा जवाहर नगर में अपनी मां के साथ रहती है। आशा भगत ने बताया कि 22 दिसंबर को वह परिवार के साथ लोग अपने घर को ताला लगाकर अपने गृहग्राम जशपुर है हुई थी। उसके घर के बगल में अनिल कुजूर किराए में रहता था, वह भी अपने मकान में ताला लगाकर अपने गृह ग्राम बगीचा गया हुआ था।

- परिवार संग अपने गृहग्राम गई थी शिक्षिका

**वापस घर आने पर मिला दरवाजा टूटा हुआ**

आशा भगत ने बताया कि कल दोपहर 2 बजे वह अपनी मां के साथ जशपुर से रायगढ़ अपने मकान पहुंची और मुख्य गेट का दरवाजा खोलकर अंदर घुसी तो देखा कि कमरे में लगा ताला टूटा हुआ था। घर में रखा तीनों आलमारी टूटा हुआ था। अज्ञात चोरों ने उसके मकान से आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर तथा आलमारी मे रखी स्मार्ट वॉचए इयरफोन को मिलाकर कुल 2 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। साथ ही अज्ञात चोरों ने आशा भगत के किराएदार के मकान में लगा ताला तोड़कर वहां भी चोरी की गई है, उनके रायगढ़ आने के बाद ही उनके मकान से क्या चोरी हुई हैए इसका पता चल सकता है। आशा भगत की रिपोर्ट के बाद सिटी कोतवाली पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331,4ए 305 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज करते हुए आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

**फरवरी माह से बोर्ड की परीक्षाएं, बच्चों की पढ़ाई अधर में**

# बीएलओ बने शिक्षक डेढ़ माह बाद हुए कार्यमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्य के कारण सरकारी स्कूलों से बड़ी संख्या में शिक्षकों को सहायक बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और सहायक बीएलओ नियुक्त किया गया था। इसके चलते कई स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हुई। बाद में लगभग डेढ़ माह बाद इन शिक्षकों को सहायक बीएलओ के कार्य से कार्यमुक्त कर दिया गया, लेकिन अब उन्हें फिर से ड्यूटी पर लगाई गई है। एसआईआर (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) के पहले चरण में सभी स्कूलों के एक-एक शिक्षक को सहायक बीएलओ बनाया गया था। इसके कारण कई शासकीय प्राथमिक शालाओं में प्रधान पाठक के अलावा कोई शिक्षक नहीं बचा, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हुआ था, स्कूलों में बच्चों के सिलेबस तक पूरे नहीं हो पाए थे, डेढ़ माह बाद शिक्षकों को रिलीव किया गया लेकिन अब एक बार फिर से उनकी ड्यूटी लगा दी गई, ऐसे में एक बार फिर से स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था रूक गई है। स्कूलों में फरवरी माह से बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित होने वाली है और अब तक कई स्कूलों में सिलेबस तक नहीं पूरा हो पाया है, शिक्षकों की कमी से छात्रों की पढ़ाई पहले ही अधर में थी और बचे कुचे शिक्षकों को अन्य कार्यों में लगाया जा रहा है,ऐसे में बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्र_ छात्राओं को अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



**जिले के 5 सौ से अधिक शिक्षकों की लगी है ड्यूटी**

जिले में लगभग 500 शिक्षकों की दोबारा ड्यूटी एसआईआर में लगाई गई है। इसमें सरकारी स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक शामिल हैं। सभी स्थानों पर एक-एक शिक्षक को मतदान केंद्रों के लिए अभिहित अधिकारी बनाया गया है। इन शिक्षकों को चार क्लस्टर के नाम एसएसआर कार्य के लिए अभिहित अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है।करीब डेढ़ माह बाद सहायक बीएलओ बने शिक्षकों को कार्यमुक्त किया गया था और वे स्कूल लौट आए थे, लेकिन अब फिर से आदेश जारी कर उन्हें एसएसआर में अभिहित अधिकारी के रूप में ड्यूटी पर लगाया गया है। यह ड्यूटी 23 दिसंबर से 22 जनवरी तक रहेगी। इस दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार करने, स्थानांतरण और विलोपन जैसे कार्य किए जाएंगे।

**दावा आपत्ति का कार्य भी देखेंगे शिक्षक**

ड्यूटी करने वाले शिक्षक दावा-आपत्ति कार्य भी देखेंगे, इस कारण एक बार फिर सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो गई है। शिक्षकों का कहना है कि अब स्कूलों की पढ़ाई फिर से प्रभावित होगी। पहले ही स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन जब शिक्षक ही स्कूलों से बाहर रहेंगे तो शिक्षा की गुणवत्ता कैसे आएगी।

## तेज रफ्तार बाइक जा घुसी खेत में हादसे में दो युवकों की मौत

**रायगढ़।** जिले में शनिवार की दोपहर तेज रफ्तार बाइक खेत में जा घुसी। घटना में एमएसपी प्लांट में काम करने वाले दो युवकों की मौत हो गई। पंचनामा के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जामगांव में स्थित एमएसपी प्लांट में काम करने वाले दो युवक करण कुमार 23 साल निवासी रामनगरए जिला बिहार और आलम खान 23 साल निवासी कोलाईबहाल कल सुबह प्लांट से काम करके आलम खान की मोटरसाइकिल से घूमने निकले थे। बताया जा रहा है कि कल दोपहर 1 बजे के आसपास बाइक सवार दोनों युवक जब भईयांपाली के पास पहुंचे थे, इस दौरान बाइक चला रहा आलम अपनी तेज रफ्तार बाइक पर नियंत्रण खो बैठा और फिर सीधे बाइक समेत खेत में जा गिरा। बाइक चालक की मौके पर मौत, दूसरे युवक ने अस्पताल मेंतोड़ा दम इस दुर्घटना में बाइक चला रहे आलम खान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक करण कुमार को गंभीर हालत में रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया थाए जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि बीते कुछ महीनों से करण कुमार एमएसपी प्लांट में फिटर का काम करता था और आलम खान मजदूर के रूप में प्लांट में काम करते आ रहा था।


खबर संक्षेप

## फिर शीतलहर की चपेट में आया सरगुजा

**अम्बिकापुर।** मामूली राहत के बाद साल के अंतिम दिनों में ठंड ने एक बार फिर पलटवार कर दिया है। पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से सरगुजा के पठारी एवं मैदानी इलाकों में शीत लहर चल रही है तथा ओस की बूंदें जमकर बर्फ बन गई हैं। ठंड की दृष्टि से शनिवार का दिन सीजन का सर्वाधिक ठंडा दिन रहा।
पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रवाह से पिछले तीन दिनों से लगातार पारा में गिरावट हो रही है तथा शनिवार को अम्बिकापुर का पारा 5.5 डिग्री से गिरकर 4.0 डिग्री पर पहुंच गया है। उत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रवाह से पठारी एवं मैदानी क्षेत्रों के पारा में तेज गिरावट दर्ज की गई है। पठारी क्षेत्र मैनपाट का पारा गिरकर 2 डिग्री के नीचे पहुंच गया है वहीं मैदानी क्षेत्रों का पारा 3 डिग्री के नीचे है। मौसम विज्ञानी आगामी दो दिनों तक पारा के यथावत रहने के साथ ही शीतलहर के प्रभावी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।
मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि सुदूर उत्तर भारत में मध्य क्षोभ मंडल में द्रोणिका के रूप में एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय है जबकि 30 दिसम्बर को इसी क्षेत्र में एक नया विक्षोभ सक्रिय होगा मौसम विभाग ने विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत के राज्यों में बर्फबारी होने एवं कुछ क्षेत्रों में वर्षा होने की संभावना जताई है।

## मंटू बने छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन उपाध्यक्ष

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश एवं संभाग प्रभारी के अनुमोदन पश्चात प्राथमिक शाला बुद्धटोला विकासखण्ड रामचंद्रपुर के प्रधान पाठक मंटू ठाकुर को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन सिंह ने श्री ठाकुर को नवीन दायित्व देते हुए आशा व्यक्त की कि वे संगठन हित में पूरी निष्ठा, सक्रियता एवं नवीन ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे तथा संघ को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। मंटू ठाकुर की नियुक्ति से जिले में शिक्षक संगठन की गतिविधियों को नई दिशा एवं गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



## बाइक की टक्कर से गंभीर वृद्धा की मौत

**अम्बिकापुर।** रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम सरना निवासी सुभद्रा पटेल पति बासपति (64 वर्ष) शुक्रवार की सुबह घर के सामने झाड़ू लगा रही थी। इस दौरान बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन वृद्धा को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## भकुरा जंगल में लकड़ी तस्कर सक्रिय

**ओड़गी।** जंगल पहाड़ की भूमि को संरक्षित करने शासन द्वारा लगातार प्रयासरत है। परंतु विभाग की लापरवाही के कारण अब जंगल के पेड़ भी सुरक्षित नहीं है।आलम यह है कि लोग अब बेधड़क होकर जंगल के पेड़ों की अवैध कटाई करने लगे है। हैरानी की बात तो यह है कि जंगल में दिन दहाड़े पेड़ काटे जा रहे लेकिन पेड़ काटने की भनक वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को नहीं लग रही। ऐसे में लकड़ी तस्करों के हौसले काफी बुलंद हो गए है। किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से ग्रामीणो में भारी आक्रोश है।ब्लॉक मुख्यालय ओड़गी के माडर भकुरा जंगल में एक बार भी लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए है। कुदरगढ़ वन परिक्षेत्र पर कीमती सरई व अन्य बेशकीमती पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। लकड़ी तस्कर इतने शातिर है कि पहले पेड़ को गोल काटकर छोड़ देते है और मौका पाते ही काटकर ले जाते है।

### साय सरकार के दो वर्षों में जिले के किसानों को मिली बड़ी राहत

# सौर सुजला योजना से जिले के 755 किसानों के जीवन में आई नई रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित में निरंतर लिए जा रहे फैसलों का सकारात्मक असर अब गांव–गांव तक दिखाई देने लगा है। सौर सुजला योजना मुख्यमंत्री की ऐसी ही एक दूरदर्शी सौगात है, जिसने जशपुर जिले के किसानों की खेती और किस्मत दोनों बदलने का काम किया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जशपुर जिले में सौर सुजला योजना के तहत 755 किसानों को सोलर सिंचाई पंप की स्वीकृति मिली है। यह सौगात उन किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रही है, जो अब तक बारिश और पारंपरिक साधनों पर निर्भर थे। सौर ऊर्जा से चलने वाले पंपों ने सिंचाई को आसान, सुलभ और किफायती बना दिया है।

बगीचा के बंधु यादव की बदली तकदीर- जिले के बगीचा तहसील क्षेत्र निवासी बंधु यादव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की इस सौगात से लाभान्वित किसानों में शामिल हैं। सोलर पंप मिलने के बाद अब वे समय पर सिंचाई कर पा रहे हैं। इससे फसल की गुणवत्ता बेहतर हुई है और उत्पादन भी बढ़ा है।बंधु यादव कहते हैं कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की यह योजना उनके लिए उम्मीद की नई किरण बनकर आई है।उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। इसी तरह फरसाबहार तहसील के खुटशेरा निवासी दुलार साय भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। सोलर पंप लगने से उन्होंने खेती का दायरा बढ़ाया है और अतिरिक्त फसलों की खेती शुरू की है। इससे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी हुई है और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।



### कम लागत, अधिक उत्पादन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सोच के अनुरूप सौर सुजला योजना ने किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन का रास्ता दिखाया है। डीज़ल और बिजली पर होने वाला खर्च कम हुआ है, वहीं पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिला है। यह योजना खेती को आत्मनिर्भर और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

### दिखा सुशासन का असर

बीते दो वर्षों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में किसानों को केंद्र में रखकर कई योजनाएं धरातल पर उतरी हैं। सौर सुजला योजना उनमें से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसने जशपुर जिले के सैकड़ों किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह सौगात आज जशपुर के किसानों के चेहरे पर मुस्कान और खेतों में हरियाली का प्रतीक बन चुकी है।



## मुख्यमंत्री साय का पगुरा बहार हेलीपेड में आत्मीय स्वागत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय रविवार को पगुरा बहार विकासखंड फरसाबहार पहुंचे। जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, आईजी दीपक कुमार झा, सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र कुमार दुग्गा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह वनमंडलाधिकारी शशि कुमार सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

## पीएचसी सुखरी में अनुपस्थित मिले चिकित्सक, फार्मासिस्ट

**अम्बिकापुर।** संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने शनिवार को पीएचसी सुखरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में चिकित्सक समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी नदारद मिले। ऐसे में जेडी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अनधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बता दें कि शनिवार को संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला शहर से लगे पीएचसी सुखरी के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे थे। इस दौरान डॉ. सौरभ अग्रवाल 1 दिवस, फार्मासिस्ट सुरेश गुप्ता 1 दिवस, वार्ड आया श्रीमती शांति खेस 3 दिवस, वार्ड बॉय विकम सिंह 4 दिनों से बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। वहीं उपस्थिति पंजी का अवलोकन करने पर पता चला की कई उपस्थित कर्मचारियों ने नियमित रूप से हस्ताक्षर नहीं किए है। चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों की अनुपस्थिति पर जेडी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की।

## पेड़ पर लटका मिला 50 वर्षीय ग्रामीण का शव

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर इंजको गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक 50 वर्षीय ग्रामीण का शव संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका हुआ मिला। सुबह जैसे ही ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी, पूरे गांव में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।
घटना की गंभीरता तब और बढ़ गई, जब मृतक का दुपहिया वाहन घटनास्थल से करीब 300 मीटर दूर खेत में खड़ा मिला। वाहन और शव के बीच की दूरी ने मामले को पूरी तरह संदेह के घेरे में ला दिया है। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि यह मामला साधारण आत्महत्या का नहीं, बल्कि इसके पीछे कोई बड़ी साजिश हो सकती है।सूचना मिलते ही पत्थलगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मौजूदगी में शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और पंचनामा कार्रवाई की। प्रारंभिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

- 300 मीटर दूर मिला दुपहिया वाहन, पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी

मृतक के परिजनों ने खुलकर हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि पहले ग्रामीण की हत्या की गई और बाद में मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया गया। परिजनों के इस आरोप के बाद पुलिस ने भी मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए जांच का दायरा बढ़ा दिया है।फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि मृतक आखिरी बार किसके संपर्क में था, वह घर से कब और किस उद्देश्य से निकला था। साथ ही दुपहिया वाहन खेत में कैसे और किन परिस्थितियों में पहुंचा, यह भी जांच का अहम बिंदु बना हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल हर एंगल से जांच जारी है। इधर, घटना के बाद से मदनपुर इंजको गांव में दहशत का माहौल है और लोग इस रहस्यमय मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

## ग्राम सभा में जी राम जी की दी गई जानकारी

**अंबिकापुर।** जिले में आयोजित सुशासन सप्ताह एवं 24 दिसंबर को आयोजित विशेष ग्राम सभा में आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 (वीबी-जी राम जी) की विशेषताओं से लोगों को अवगत कराया गया। इस दौरान बताया गया कि महात्मा गांधी नरेगा का नया स्वरूप विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 (वीबी-जी राम जी) को अगले सत्र में शुरू किया जाएगा। विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप इसका उद्देश्य समृद्ध एवं सुदृढ़ ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण एवं विकास अभिसरण और संतृप्ति को बढ़ावा देना है। विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 में अब अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक परिवार को 125 दिन का रोजगार मिलेगा।

## कांग्रेस स्थापना दिवस पर मरीजों को फल वितरण

### कांग्रेस कार्यालय में विनय भगत की अध्यक्षता में ध्वजारोहण

**जशपुरनगर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर जशपुरनगर में कांग्रेस द्वारा सेवा और संगठनात्मक गतिविधियों के साथ दिनभर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किया गया एवं कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी की विचारधारा को दोहराया गया।

कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक विनय भगत ने की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि आज़ादी की लड़ाई से निकली वह विचारधारा है, जिसने देश को लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय की दिशा दी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हीरु राम निकुंज सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। फल वितरण में संजू भगत, सहस्त्राशु पाठक, अनोज गुप्ता,तारों सिंह, निखिल रवानी, सूरज चौधरी, चांद खान, ओम तिवारी, आफताब खान, रिज़वी अंसारी, सन्नी गुप्ता, अमित महतो, शबनम खातून, अंजलीना करकेट्टा, नयना, सतीश गुप्ता, भोलू खान, नीलेश सिंह, राजन, तबरेज साह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने सहभागिता निभाई।



## अधिकारों की राजनीति ही कांग्रेस की पहचानः पूनम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस कोतबा और बागबहार संगठन ब्लॉक में हर्षोल्लास और गौरवपूर्ण तरीके से मनाया गया।

कोतबा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 6 में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण कर संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूनम सिंह पैंकरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 141 वर्षों की यह यात्रा मात्र एक पार्टी का सफर नहीं, बल्कि भारतीय राष्ट्र चेतना की जीवित धारा है। कांग्रेस ने ही देश में 'अधिकारों की राजनीति' को शासन की नीति बनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष सुकृत सिंह सिदार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रत्ना पैंकरा और नगर पंचायत अध्यक्ष हीतेंद्र सिंह, पार्षद आकाश मित्तल, पार्षद सुमित कुमार शर्मा अहिल्या केरकेट्टा, पूर्व पार्षद मोहन सिदार, सुरेंद्र सिंह, मुरली यादव, मुकेश पैंकरा, संजय शर्मा, ओम प्रकाश बंजारा, संतोष शेट्टी, ननकु राम एवं कांग्रेस परिवार के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गुम नाबालिग को चंद घंटों में झारखंड से ढूंढ लाई पुलिस


**जशपुरनगर।** जिले के थाना दुलदुला क्षेत्र से लापता 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को जशपुर पुलिस ने सूचना मिलने के कुछ ही घंटों में झारखंड के सिमडेगा जिले से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। शादी का झांसा देकर बालिका को भगाने और दुष्कर्म करने वाले आरोपी अशोक यादव उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

प्रार्थी पिता ने 25 दिसंबर को थाना दुलदुला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिक बेटी 15 दिसंबर की सुबह घर से अचानक गायब हो गई। परिजनों द्वारा हर संभावित जगह तलाश के बावजूद जब कोई सुराग नहीं मिला, तब पुलिस को सूचना दी गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल गुम इंसान व बीएनएस की धारा 137(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना और परिजनों के सहयोग से पता चला कि नाबालिक बालिका झारखंड के सिमडेगा जिले के एक गांव में आरोपी अशोक यादव के साथ रह रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम तुरंत झारखंड रवाना हुई और आरोपी के घर से बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। साथ ही आरोपी को भी हिरासत में लेकर जशपुर लाया गया। पुलिस पूछताछ में नाबालिक ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले उसकी दीदी की शादी में आरोपी से परिचय हुआ था। इसके बाद मोबाइल पर बातचीत होने लगी। 14 दिसंबर की रात आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसे घर से भगाया और मोटरसाइकिल से पहले झारसुगड़ा ,ओडिशा ले गया। वहां से ट्रेन से केरल तक ले जाकर दो दिन रेलवे स्टेशन में रखा, फिर दोबारा झारसुगड़ा होते हुए झारखंड के सिमडेगा जिले के अपने गांव ले गया। इस दौरान आरोपी ने शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया। पॉक्सो सहित गंभीर धाराएं जोड़ी गईं।नाबालिक के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 87, 64(2)(ड़), 65(1) तथा 4 व 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किया है।



आरोपी गिरफ्तार कर भेजा जेल

## कुनकुरी-जशपुर में खेल प्रशिक्षण का शुभारंभ



**जशपूरनगर।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सांकरा - पाटन, दुर्ग के अधिनस्त छत्तीसगढ़ के उत्तरी आंचल क्षेत्र में संचालित छह उद्यानिकी महाविद्यालयों कुनकुरी (जशपुर), कोतबा (जशपुर), सीतापुर (सरगुजा), सिलफिली (सुरजपुर), रामानुजगंज (बलरामपुर - रामानुजगंज) एवं चिरमिरी (मनेंद्रगढ़ - चिरमिरी – भरतपुर) के चयनित खिलाड़ियों का दो दिवसीय खेल प्रशिक्षण उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुनकुरी, जशपुर में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जॉनसन लकड़ा द्वारा किया गया । डॉ. लकड़ा द्वारा प्रशिक्षण में सम्मिलित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया । 28 एवं 29 दिसम्बर को होने वाले इस प्रशिक्षण उपरांत इस संभाग के चयनित एवं प्रशिक्षित खिलाड़ियों को 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक होने वाले जोनल खेल–कूद प्रतियोगिता में भाग लेने महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा – पाटन, दुर्ग को जाएंगे।

## कोचिया किसानों के दस्तावेजों में कूटरचना कर खपा रहा था यूपी का अवैध धान

बलरामपुर। जिले में बड़े पैमाने पर समितियों में अवैध धान खपाए जाने का खुलासा हुआ है। कोचिया द्वारा किसानों के ऋण पुस्तिका, बैंक खाता व अन्य दस्तावेजों का दुरूपयोग कर समिति में लम्बे समय से धान खपाने का काम किया जा रहा था। प्रशासन ने कोचिया के पास से बड़े पैमाने पर दस्तावेज बरामद करने के साथ ही उसके खिलाफ अपराध दर्ज किया है और अब इस मामले की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि 26 दिसम्बर की रात 8 बजे राजस्व तथा पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान परिवहन कर रहे पिकअप वाहन को दौड़ाकर पकड़ा गया। वाहन चालक से पूछताछ करने पर कुर्लूडीह निवासी 35 वर्षीय श्याम सुन्दर गुप्ता पिता कृष्णकान्त प्रसाद गुप्ता के घर में अवैध धान को अनलोड करने की बात कही। ऐसे में संयुक्त टीम ने श्याम सुंदर गुप्ता के उनके घर पर दबिश दी। छापामार कार्रवाई में कोचिया के घर से दो नग कटा हुआ ब्लैंक (बिना भरे हुए) चेक, अन्य तीन का लेखा जोखा की पर्ची 1 नग, एक नग संगीता गुप्ता का बैंक का राशि जमा पर्ची, दीपनारायण का बैंक जमा पर्ची, राजमनिया, हुबलाल, बलि, लहरू, रूकमनिया का भरा हुआ विड्रॉल फार्म, जिला सहकारी बैंक से इंडियन बैंक सुपाचुवा (यूपी) का आरटीजीएस फार्म, श्याम सुंदर गुप्ता का राशि जमा पर्ची, दोलंगी समिति का तौल पर्ची गणेश पण्डो ग्राम सुंदरपुर का पाया गया।

### बेहतर संचालन हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# महामाया शक्कर कारखाना का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर/सोनगरा

कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में शनिवार को मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित केरता में तकनीकी एवं प्रबंधकीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में कारखाने के सुचारू संचालन और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ईआरपी सिस्टम को शत प्रतिशत संचालित करने और कारखाने को बेहतर तरीके से चलाने के की बात कही। साथ ही किसानों की सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे, इस लिए बेहतर प्रबंधन व समन्वय व्यवस्था स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद कलेक्टर ने शक्कर कारखाना परिसर, शक्कर गोदाम में उपलब्ध स्टॉक, गन्ना खरीदी व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण और कारखाने के विभिन्न तकनीकी व प्रशासनिक पहलुओं की गहनता से जांच की। निरीक्षण के दौरान कई बिंदुओं पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और साफ शब्दों में कहा कि अब किसी भी हाल में अवैध गुड़ फैक्ट्री नहीं चलने दी जाएगी। कलेक्टर ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि शासन द्वारा तय नियम, मापदंड और प्रारूपों की अनदेखी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 दिसंबर तक जिले के सभी गुड़ उद्योगों से तय प्रारूप में पूरी जानकारी अनिवार्य रूप से एकत्र की जाए और एक-एक उद्योग की भौतिक जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रतापपुर ललिता भगत, तहसीलदार चंद्रशीला जायसवाल, प्रबंध संचालक आकाशदीप पात्रे, मुख्य गन्ना विकास अधिकारी प्रमोद चौहान, चीफ केमिस्ट मनोज पाड़ी, मुख्य अभियंता सुनील तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## लाखों का चावल लेकर राइस मिल संचालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

मिलिंग के लिए धान उठाव करने के बाद राइस मिल संचालक फरार हो गया। एक साल से राइस मिल संचालक ने चावल को जमा नहीं कराया है। लाखों रुपए का चावल लेकर फरार हुए राइस मिलर के मिल को प्रशासन ने शनिवार को सील कर दिया है।


बताया जा रहा है कि क्षेत्र के कोटागहना स्थित मेसर्स मिल्लत राइस मिल के संचालक द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 3320 क्विंटल धान का उठाव किया था। उठाव की गए धान की कीमत लगभग 83 लाख रुपए है। उठाव किए गए धान की तुलना में मिलर्स को 2246.64 क्विंटल चावल जमा करना था लेकिन वर्तमान स्थिति तक मिलर ने चावल जमा नहीं किया और राइस मिल बंदकर फरार हो गया। ऐसे में कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर चेतन बोरघरिया, एसडीएम देवेंद्र प्रधान के नेतृत्व में टीम ने राइस मिल में दबिश दी लेकिन मित्तल राईस मिल का मुख्य द्वार ताला बंद पाया गया। आस-पास में मिल से संबंधित किसी भी व्यक्ति को उपस्थित नहीं पाया गया। मिल के संचालक से दूरभाष से बात करने का प्रयास किया गया, किन्तु मिल संचालक द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। खाद्य अधिकारी ने बताया कि मिल द्वारा खरीदी वर्ष 2024-25 में 3320 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। जिसकी अनुपातिक चावल 2246.64 क्विंटल होता है, मिल द्वारा आज दिनांक तक जमा चावल की मात्रा निरंक है। इस प्रकार से राईस मिल द्वारा कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के कारण मिल को सील करने की कार्रवाई की गई।



# हर्षवर्धन राणे अब दिखेंगे गैंगस्टर वाली फिल्म में

**मुंबई।** 'सनम तेरी कसम' और 'एक दीवाने की दीवानियत' से चमकने वाले हर्षवर्धन राणे धड़ाधड़ नई परियोजनाओं से जुड़ रहे हैं। एक ओर, वह निर्देशक ओमंग कुमार की आगामी फिल्म 'सिला' में व्यस्त चल रहे हैं। दूसरी ओर, वह एकता कपूर की नई फिल्म 'शूटआउट एट दुबई' के साथ भी जुड़ चुके हैं। इस फिल्म की चर्चा तो काफी पहले से थी। ताजा जानकारी है कि फिल्म के बनने से पहले ही इसके डिजिटल अधिकारों को बेच दिया गया है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट के मुताबिक, 'शूटआउट एट दुबई' एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म होगी जिसके डिजिटल स्ट्रीमिंग अधिकार नेटफ्लिक्स ने पहले ही हासिल कर लिए हैं।

लाइफ Style



# रश्मिका

## 'मायसा' में खूंखार अवतार उड़ा देगा होश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगली फिल्म में रश्मिका खूंखार अवतार नजर आने वाला है जिसकी पहली झलक भी सामने आ गई है। दरअसल रश्मिका की पैन इंडिया फिल्म 'मायसा' का टीजर जारी कर दिया गया है। इस नायिका प्रधान एक्शन थ्रिलर फिल्म में उनका साहसिक लुक लोगों का दिल जीत रहा है।

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपने हर किरदार से दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ती हैं। आयुष्मान खुराना की फिल्म 'थामा' में उन्होंने ड्रैकुला 'ताड़का' का किरदार निभाया, जिसे लोगों ने खूब पंसद किया। अगली फिल्म में उनका खूंखार अवतार नजर आने वाला है जिसकी पहली झलक भी सामने आ गई है। दरअसल रश्मिका की पैन इंडिया फिल्म 'मायसा' का टीजर जारी कर दिया गया है। इस नायिका प्रधान एक्शन थ्रिलर फिल्म में उनका साहसिक लुक लोगों का दिल जीत रहा है।

**2026 में रिलीज होगी 'मायसा':** रश्मिका ने फिल्म 'मायसा' की पहली झलक जारी करते हुए कैप्शन दिया, 'हिमशैल का एक छोटा सा हिस्सा है। हम बस एक शाम के लिए कुछ मजेदार करना चाहते थे जिससे आपको आज की दुनिया दिखा सकें और बाकी गंभीर बातें? ओह्ह्ह्होहोहोहोइओ, आप उन्हें कुछ महीनों में देखेंगे।' इस पैन इंडिया फिल्म को 2026 में रिलीज किया जाएगा, लेकिन तारीख का ऐलान होना बाकी है। रवींद्र पुल्ले द्वारा निर्देशत फिल्म की कहानी गोंड जनजाति की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

## हॉलीवुड मसाला



# फायर एंड ऐश ने ज्यादा नोट छापे

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून की फेमस 'अवतार' सीरीज की तीसरी फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' और एनाकोंडा भी लोगों को बेहद पसंद आ रही है। दोनों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। चलिए जानते हैं, दोनों फिल्मों में से कौन अच्छी कमाई कर रही है। 'धुरंधर' क सफलता के बीच बॉक्स ऑफिस पर 'अवतारः फायर एंड ऐश' अच्छा खासा कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने भारत में फिल्म के 7वें दिन का कलेक्शन सामने आ गया है।



# मार्वल-वार्नर ब्रदर्स के बीच 2026 में होगा महासंग्राम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के लिहाज से 2026 काफी शानदार होने वाला है। मार्वल की अगली किस्त 'एवेंजर्स डूम्सडे' रिलीज के लिए कमर कस रही है। उसके सामने 'ड्यून 3' खड़ी है। दोनों फिल्में दिसंबर, 2026 में और एक ही दिन पर रिलीज हो रही हैं। ऐसी अफवाह थी कि बॉक्स ऑफिस पर इस टकराव से बचने के लिए रिलीज तारीख बदली जा सकती है। अब जो खबर है, उससे साफ हो गया है कि निर्माता बदलाव के मूड में नहीं हैं। 'एवेंजर्स डूम्सडे' और 'ड्यून 3', दोनों ही मार्वल और वार्नर ब्रदर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्में हैं जिससे लोगों की काफी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। दोनों फिल्मों का एक दिन पर आना न सिर्फ बड़े टकराव को जन्म देगा, बल्कि एक-दूसरे की कमाई पर भी असर डालेगा।



# दीपिका के बयान पर बोलीं संतुलन बनाना जरूरी

**मुंबई।** अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सिनेमा में 8 घंटे शिफ्ट रखने की मांग की थी। उनके इस बयान ने फिल्म इंडस्ट्री में नई बहस छेड़ दी। कई सितारों ने दीपिका की इस मांग का समर्थन भी किया। अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने इस 8 घंटे शिफ्ट वाले मामले पर अपनी राय व्यक्त की है। कियारा जुलाई, 2025 में एक बेटी 'सरायाह' की मां बनी हैं। अब उन्होंने फिल्मों में वापसी करने की पूरी तैयारी कर ली है। वोग के साथ बातचीत में, कियारा ने व्यक्तिगत और कामकाजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, किसी भी इंडस्ट्री में काम करने वाले, किसी भी व्यक्ति के लिए थकान और तनाव फायदेमंद नहीं होता। कियारा ने 3 शब्दों पर जोर दिया जो उनके काम के तरीके का मूल आधार हैं।



# रणबीर की 'एनिमल-2' में होगी वापसी

**मुंबई।** अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' ने कई आलोचनाओं के बावजूद दर्शकों का दिल जीता था। फिल्म के दूसरे भाग 'एनमिल पार्क' का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज तारीख तो तय नहीं हुई है, लेकिन इसकी शूटिंग 2027 से शुरू होने की पूरी संभावना है। चर्चा तो यह भी है कि दूसरी किस्त में, रणबीर को दोहरी भूमिका निभाते हुए देखा जाएगा। इस बीच, सलोनी बत्रा ने सीक्वल में अपनी वापसी पर बात की है। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित 'एनिमल पार्क' में सलोनी को फिर दमदार किरदार में देखा जाएगा। जूम के साथ बातचीत में उन्होंने कहा, मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को 'एनिमल' पसंद आई थी, इसलिए निर्माता मनोरंजन और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।

## टीवी मसाला



# कपिल ने 'धुरंधर' पर फोड़ा अपनी फिल्म की असफलता का ठीकरा

**मुंबई।** कपिल शर्मा की फिल्म 'किस किस को प्यार करूं 2' को रिलीज हुए 12 दिन ही हुए हैं, लेकिन निर्माताओं ने इसे फिर से सिनेमाघरों में रिलीज करने का फैसला किया है। ये अचानक उठाया गया कदम दर्शकों और ट्रेड पंडितों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। फिल्म को न तो दर्शकों से खास प्रतिक्रिया मिली और ना ही बॉक्स ऑफिस पर इसका जादू चला। अब कपिल की टीम ने फिल्म की असफलता पर बयान जारी किया है।

***कपिल की टीम ने जारी किया बयान :*** कपिल की फिल्म 'किस किस को प्यार करूं 2' 14 दिसंबर, 2025 को रिलीज हुई थी। ये उनकी 2015 में आई हिट फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' का सीक्वल है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी। अब कपिल की टीम ने एक बयान जारी कर कहा है कि इस फिल्म को सिनेमाघरों में पर्याप्त स्क्रीन नहीं मिली, क्योंकि बड़े बजट और ज्यादा लोकप्रिय सितारों की फिल्मों ने ज्यादा स्क्रीन ले ली थीं।

***'धुरंधर' ने बिगाड़ा कपिल की फिल्म का खेल :*** कपिल की टीम ने ये भी कहा कि खासकर रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' रिलीज होने के बाद उनकी फिल्म के लिए शो और स्क्रीन कम रह गए। इसी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई।फिल्म को री-रिलीज करने का फैसला इसी वजह से लिया गया है। निर्माताओं ने बताया है कि जनवरी, 2026 में फिल्म दोबारा सिनेमाघरों में आएगी, ताकि ये दर्शकों तक फिर से पहुंच सके और बेहतर कमाई कर सके।

### क्या री-रिलीज से चमकेगी 'किस किस को प्यार करूं 2' की किस्मत?

कपिल की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। इसे देखने के लिए दर्शक ज्यादा नहीं आए और लोगों की राय भी नकारात्मक रही। फिल्म में इतनी दिलचस्पी नहीं थी कि लोग इसे दोबारा देखें। फिल्म भारत में महज 11 करोड़ कमा पाई। कई सिनेमाघरों ने तो कुछ ही दिनों में इसे हटा दिया, ताकि इसकी जगह बेहतर प्रदर्शन करने वाली नई फिल्में दिखाई जा सकें। अब देखना होगा कि ये फिल्म वापस अपना सिक्का जमा पाती है या नहीं।

# नए साल की धमाकेदार शुरुआत, धर्मेन्द्र, सनी और बॉबी की तीन धांसू फिल्में होंगी रिलीज

मुंबई। नए साल की शुरुआत देओल परिवार के लिए भावनाओं से भरी होने जा रही है। एक ओर जहां सबसे पहले दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी, वहीं उनके दोनों बेटों सनी देओल और बॉबी देओल की फिल्में भी रिलीज के लिए तैयार हैं। एक्शन, इमोशन और स्टार पावर से भरपूर इन फिल्मों की राह दर्शक भी बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। आइए जानें कैसे जनवरी का पूरा महीना देओल परिवार के नाम रहने वाला है।



***'इक्कीस' :*** धर्मेंद्र अब इस दुनिया में नहीं हैं। 89 साल की उम्र में भी वो अभिनय की दुनिया में सक्रिय थे। उनकी फिल्म 'इक्कीस' खूब चर्चा में है। तबीयत ठीक न होने की वजह से वो अपनी ये फिल्म पूरी नहीं देख पाए थे। 'इक्कीस' की रिलीज से पहले सनी और बॉबी अपने पिता की याद में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग भी रखेंगे। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी ये फिल्म 1 जनवरी को रिलीज हो रही है।

***धर्मेंद्र की आखिरी झलक देखने को बेकरार फैंस :*** धर्मेंद्र ने 24 नवंबर, 2025 को इस दुनिया को अलविदा कहा था। अपने अंतिम दिनों में उन्होंने 'इक्कीस' की शूटिंग पूरी की थी, जिसमें अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के साथ उन्हें आखिरी बार बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। फिल्म के कुछ भावुक सीन और बीटीएस वीडियो में धर्मेंद्र अपने साथी कलाकारों से आखिरी बार बातें करते नजर आए। इन यादगार पलों के बाद फैंस अब अपने पसंदीदा सितारे को आखिरी बार पर्दे पर देखने को बेताब हैं।

***'जन नायकन':*** बॉबी देओल विलेन के अवतार में थलापति विजय की 'जन नायकन' में धमाका करने आ रहे हैं। फिल्म की आधिकारिक घोषणा के समय विजय और बॉबी को एक ही फ्रेम में देखकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई थी। इस पोंगल 9 जनवरी को 'जन नायकन' सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म में पूजा हेगड़े भी मुख्य भूमिका में हैं, वहीं निर्देशक लोकेश कनगराज, नेल्सन दिलीप कुमार और एटली इसमें कैमियो करते दिखेंगे।

***'बॉर्डर 2':*** उधर सालों बाद सनी देओल फिर 'फौजी' के रूप में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को रिलीज होने जा रही है। पिछले दिनों फिल्म का जबरदस्त टीजर लॉन्च हुआ था, जिसमें सनी अपने पिता को याद करते हुए काफी भावुक हो गए थे।

# अल्लू-प्रभास सहित इन एक्टर ने ली 1,000 करोड़ी क्लब में सबसे तेज एंट्री, एक ने रचा इतिहास

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर' ने ऐसा धमाका किया है कि हर दिन नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। रिलीज के कुछ ही समय में फिल्म ने दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। इस सफलता के साथ ही रणवीर सिंह उन चुनिंदा भारतीय सितारों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने सबसे जल्दी 1,000 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री की है। आइए नजर डालते है रणवीर से पहले सबसे तेज 1,000 करोड़ी फिल्में देने वाले अभिनेताओं पर।

**अल्लू अर्जुन :** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' ने विश्वभर में सिर्फ 7 दिनों में 1,000 करोड़ का कारोबार कर इतिहास रच दिया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाते हुए अल्लू अर्जुन को सबसे तेज 1,000 करोड़ क्लब में शामिल होने वाले कलाकारों की सूची में ला खड़ा किया। अभी तक अल्लू का ये रिकॉर्ड कोई भारतीय कलाकार नहीं तोड़ सका है। नेटफ्लिक्स पर मौजूद इस फिल्म ने दुनियाभर में 1,742 करोड़ रुपये कमाए थे।



**प्रभास :** 'पुष्पा 2' से पहले सबसे तेज 1,000 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने का रिकॉर्ड प्रभास की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बाहुबली 2: द कन्क्लूजन' के नाम था। इसने ये मुकाम 10 दिनों में हासिल किया था। 'बाहुबली 2' ने न केवल देश में, बल्कि विदेशों में भी जबरदस्त कमाई की और प्रभास को पैन इंडिया सुपरस्टार के रूप में स्थापित किया। दुनियाभर में इस फिल्म ने 1788 करोड़ रुपये कमाए थे। जियो हॉटस्टार पर ये फिल्म देखी जा सकती है।



**यश :** यश की फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 1' ने 16 दिन में 1,000 करोड़ रुपये के जादुई क्लब में एंट्री ली थी। इस फिल्म ने केवल यश को स्टारडम ही नहीं दिया, बल्कि कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान भी दिलाई। फिल्म के शानदार एक्शन सीक्वेंस, दमदार संवाद और यश का करिश्माई अभिनय दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। फिल्म ने दुनियाभर में 1,215 करोड़ रुपये कमाए थे। ये फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर है।

**राम चरण- एनटीआर, शाहरुख और रणवीर :** बॉक्स ऑफिस पर भारतीय फिल्मों की 1,000 करोड़ क्लब की रेस अब दर्शकों के लिए और भी रोमांचक हो गई है।



राम चरण-जूनियर एनटीआर की फिल्म 'आरआरआर' ने ये मुकाम सिर्फ 17 दिनों में हासिल किया था, वहीं शाहरुख खान की 'जवान' को इस आंकड़े तक पहुंचने में 18 दिन लगे। इस रेस में सबसे नया धमाका है रणवीर सिंह की 'धुरंधर', जिसने 21 दिन में 1,000 करोड़ क्लब में एंट्री कर दर्शकों और समीक्षकों दोनों को चौंका दिया है।

## बॉलीवुड पर 37 सालों से राज कर रहा ये सुपरस्टार, देखे कई उतार-चढ़ाव

# बैकग्राउंड डांसर से शुरू किया था कॅरियर, 75 रुपए थी पहली सैलरी

*एंटरटेनमेंट जगत में कई सितारे हैं जिन्होंने सालों से बॉलीवुड पर अपनी पकड़ बनाए रखी है लेकिन, हिंदी सिनेमा में एक ऐसा सितारा भी है जो सालों से बॉलीवुड पर राज कर रहा है। हम जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं सलमान खान हैं। सलमान जिस भी फिल्म में काम करते हैं, वह सुपरहिट हो जाती है। बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर ही जाती है। सलमान ने शनिवार 27 दिसंबर को अपना 60वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस दौरान सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।*

### इंदौर में हुआ था सलमान का जन्म

हम जिस एक्टर की बात कर रहे हैं उन्हें सलमान खान के नाम से जाना जाता है। सलमान खान का जन्म 27 दिसंबर 1965 को मध्य प्रदेश के इंदौर में हुआ था। वे फेमस स्क्रीन राइटर सलीम खान और उनकी पहली पत्नी सलमा के बड़े बेटे हैं। उन्होंने ग्वालियर के सिंधिया स्कूल और मुंबई के सेंट स्टैनिस्लास हाई स्कूल में पढ़ाई की है। बाद में उन्होंने मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज में दाखिला लिया, लेकिन अपनी पढ़ाई पूरी नहीं की।



### दोस्त संग डांस किया मिले इतने रुपए

दिग्गज स्क्रीन राइटर सलीम खान के बेटे होने के बावजूद, सलमान खान बैकग्राउंड डांसर के रूप में काम करते थे। खुद सलमान ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था, "मेरी पहली तनख्वाह, मुझे लगता है, लगभग 75 रुपये थी। मैं ताज होटल में एक शो में डांस कर रहा था, मेरा एक दोस्त वहां डांस कर रहा था, तो उसने मुझे भी मजे के लिए अपने साथ ले लिया और मैंने भी डांस किया जिसके बदले 75 रुपए मिले। उन्होंने आगे कहा, "फिर कैम्पा कोला के लिए यह बढ़कर राशि 750 रुपये हो गई। लंबे समय तक चलने वाले ब्रांड के लिए 105 रुपये मिलते थे। फिर मुझे 'मैंने प्यार किया' के लिए 31,000 रुपये मिले, जो बाद में बढ़कर 75,000 रुपये हो गए।

### 'मैंने प्यार किया' से बने रातों-रात स्टार

सलमान ने 1988 में आई फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' में सपोर्टिंग रोल से बॉलीवुड में एंट्री की थी लेकिन उन्हें 1989 में सूरज बड़जात्या की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से सफलता मिली, जिसने उनके शानदार करियर की शुरुआत की। 'मैंने प्यार किया' की शूटिंग के दौरान उनका शुरुआती सैलरी महज 31 हजार रुपये थी। हालांकि निर्माताओं ने बाद में उनकी फीस बढ़ाकर 71,000 से 75,000 रुपये कर दी थी, जो उनके शुरुआती करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी।

### दी हैं कई ब्लॉकबस्टर फिल्में

*सलमान खान ने 100 से ज्यादा फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों को दीवाना बना चुके हैं। उन्होंने 'हम आपके हैं कौन..!', 'करण अर्जुन', 'हम साथ साथ हैं' जैसी कई रिकॉर्ड तोड़ हिट फिल्में दी हैं। हालांकि ऐसा दौर भी आया जब उनका करियर पटरी से उतर गया था लेकिन फिर उन्होंने 'वांटेड' से दमदार कमबैक किया। इसके बाद 'दबंग', 'बजरंगी भाईजान' और 'टाइगर जिंदा है' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से स्टारडम हासिल कर लिया।*

### अफेयर के चर्चे खूब, पर नहीं हो पाई शादी

*गौरतलब है कि सलमान खान अभी भी कुंवारे हैं। हालांकि उनके अफेयर के चर्चे खूब रहे। सलमान खान, संगीता बिजलानी के साथ सीरियस रिलेशनशिप में थे। दोनों की शादी के कार्ड भी छप चुके थे, लेकिन अंत में इनका रिश्ता टूट गया। संगीता के बाद उनका नाम सोमी अली संग जुड़ा था। सोमी ने सलमान पर मारपीट का आरोप लगाया था. इसके बाद उनके और ऐश्वर्या राय के रोमांस के चर्चे हुए। सलमान और ऐश्वर्या किस मोड़ पर खत्म हुआ, ये हर किसी को पता है। ऐश्वर्या से ब्रेकअप के बाद सलमान की जिंदगी में कटरीना की एंट्री हुई, लेकिन कुछ समय बाद दोनों अलग हो गए। चर्चा ये भी है कि अब सलमान, यूलिया वंतूर को डेट कर रहे हैं।*

**खबर संक्षेप**

### निगम की उदासीनता से महामारी की आशंका

**राउरकेला।** बंडामुंडा मार्ग पर फटे पाइपलाइन के समीप पशुओं की शव नियमपूर्वक अंत्येष्टि करने के बजाय खुले में फेंके जाने का मामला सामने आया है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे का संकेत भी देती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लंबे समय से उक्त क्षेत्र में पाइपलाइन फटी हुई है, जिससे आसपास जलजमाव और गंदगी बनी रहती है। इसी स्थान को पशुओं की मृत देह फेंकने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा समय पर सफाई, निगरानी और उचित व्यवस्था न किए जाने के कारण लोगों में यह गलत प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। खुले में पड़ी मृत देहों से दुर्गंध फैल रही है और आवारा पशुओं के जमावड़े से क्षेत्र और भी असुरक्षित हो गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की स्थिति से संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका काफी बढ़ जाती है।

### बारीबेडा गांव में हाथियों ने तोड़ा घर

**राउरकेला।** नुआ गांव ब्लॉक अंतर्गत पंचायत सोरडा के ग्राम बारीबेडा प्रखंड नुआगांव, जिला सुंदरगढ़ में शनिवार रविवार की दरम्यानी रात जंगली हाथियों ने भारी उत्पात मचाया। भूखे हाथियों के झुंड ने गांव में घुसकर कई कच्चे घरों को तोड़ दिया तथा घरों में संग्रहित 25 क्विंटल से अधिक धान खा गए। अचानक हुई इस घटना से ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई और लोग रातभर भय के साए में रहे। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों ने खेतों और घरों को निशाना बनाया, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

### कुएं में गिरने से ग्रामीण चिकित्सक की मौत

**सुंदरगढ़।** जिले के तलसरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरेई पंचायत के कुरेई गांव स्थित टुंगुरिपड़ा में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में ग्रामीण चिकित्सक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रवीन कुमार नंद 45 के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह वह कुएं से पानी निकाल रहे थे, तभी असंतुलन के कारण कुएं में गिर गए। कुछ समय बाद जब एक व्यक्ति पानी लेने कुएं के पास पहुंचा, तो उसने कुएं में प्रवीन का शव तैरता देखा, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर तलसरा पुलिस मौके पर पहुंची, शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सुंदरगढ़ जिला मुख्य चिकित्सालय भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।

### लागुन पार्क बना आकर्षण का केन्द्र

**राउरकेला।** शहर के सेक्टर 09 में प्लूटोन मॉल के सामने, रिंग रोड से सटे तथा विकास स्कूल के नजदीक स्थित लागुन पार्क इन दिनों एक पिकनिक स्पॉट के रूप में उभर रहा है। यह पार्क एक कृत्रिम वन होने के बावजूद अपनी हरियाली और शांत वातावरण के कारण लोगों को आकर्षित कर रहा है। साल के अंतिम रविवार को यहां दर्जनों टीमों और परिवारों ने पिकनिक मनाई और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच समय बिताया। सुबह से ही पार्क में लोगों की आवाजाही बढ़ गई थी।

**श्रद्धांजलि...**

### बेलाल गुप्ता

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र के भाजपा



संगठन के प्रथम पायदान के नेता एवं पदाधिकारी बेलाल गुप्ता के निधन पर पुसौर क्षेत्र के भाजपेयी सहित उनके पदाधिकारियों ने शोक जताते हुए उनके अवदानों को याद किया। इस कड़ी में पुसौर के मण्डल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता, महामंत्री डिग्री लाल पाईक, पूर्व एल्डरमेन विजय महाणा, घनश्याम पटेल, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष मनोरंजन साहू सहित मण्डल के जुड़े पदाधिकारी है। इसी तरह कोड़ातराई मण्डल अध्यक्ष संदीप पंडा एवं सुपा मण्डल अध्यक्ष सहित उनके टीम के लोगों ने संवेदना व्यक्त किया है।

**1.49 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन**

# महापल्ली और गोपालपुर को मिली महतारी सदन की सौगात





भूमि पूजन के बाद सांकेतिक निर्माण के लिए खुदाई करते वित्त मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ ब्लॉक के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम छुहीपाली, बनोरा, महापल्ली, सियारपाली एवं गोपालपुर में कुल 1 करोड़ 49 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर वित्त मंत्री ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी और जनहितकारी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार गांव, गरीब, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर विकास की नई इबारत लिख रही है।

उन्होंने प्रदेश सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि किसानों को लंबित धान बोनस का भुगतान, धान खरीदी की सीमा और समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी, महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना की शुरुआत, गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास तथा गांवों में सड़क, स्कूल और सामुदायिक भवन जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण को तेजी से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें ईमानदारी, पारदर्शिता और बिना किसी कमीशन के जमीन पर उतारकर आम जनता के जीवन में ठोस और सकारात्मक बदलाव लाना है। इस दौरान उन्होंने गांवों में विकास के अन्य कार्य के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

**महतारी वंदन योजना से महिलाएं हो रही सशक्त**

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। योजना का लाभ मिलने से महिलाएं न केवल अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा कर पा रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की ओर भी कदम बढ़ा रही हैं। ग्राम छुहीपाली में 166, बनोरा में 442, महापल्ली में 601, सियारपाली में 430 एवं गोपालपुर में 447 इस तरह कुल 2086 महिलाएं महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हो रही है।

## जागृति का हुआ नेशनल चैंपियनशिप में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



बीते दिनों अंबिकापुर में राज्य स्तरीय क्वान कीडो चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था । इस प्रतियोगिता में गोल्ड और सिल्वर मेडल पाने वाले खिलाड़ियों का सिलेक्शन नेशनल चैंपियनशिप के लिए होना सुनिश्चित किया गया था। जिसमें सरिया की जागृति अग्रवाल 13 वर्ष में 40 किलो भार वर्ग में अपनी प्रतिभा दिखाई।

इस चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। अब ये खिलाड़ी आगामी 16 से 18 जनवरी तक जम्मू में होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय क्वान कीडो चैंपियनशिप में भाग लेगी। जागृति अग्रवाल के कोच शंशाई रोहित कुमार ने बताया राष्ट्रीय स्तरीय चैंपियनशिप में भाग लेने का ये प्रथम अवसर जागृति को प्राप्त हुआ इस के लिए बहुत सारी शुभकामनाएं। नेशनल लेवल की चैंपियनशिप आसान नहीं होगी इसके लिए हमें अलग से रणनीति बनानी होगी जिससे नेशनल चैंपियनशिप में भी मेडल प्राप्त हो सके तथा अपने सरिया का नाम रोशन हो सके इस अवसर पर योग प्रशिक्षिका यज्ञ सेनी प्रधान के साथ साथ एकेडमी के बच्चे मौजूद रहे।

### उदित नगर में धुआं बना खतरा, प्रदूषण पर उठे गंभीर सवाल

**राउरकेला।** उदित नगर क्षेत्र में चल रही मो बस द्वारा अत्यधिक धुआं छोड़ने का भयावह वीडियो आम लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल किया है। वीडियो सामने आने के बाद शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण और प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं। नियमों के अनुसार बिना वैध पीयूसी प्रमाणपत्र के ईंधन नहीं मिलना चाहिए, लेकिन इसके बावजूद कई बड़े वाहन सड़कों पर धुआं उगलते नजर आ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसे वाहनों से लगातार प्रदूषण फैल रहा है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग और प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर अब तक मौन हैं।

## अध्यक्ष तूंहर द्वार अभियान का समापन, मां चंद्रहासिनी वार्ड में हुआ अंतिम पड़ाव

- घर घर पहुंचकर सुनी गईं लोगों की समस्याएं, मौके पर किया गया समाधान

**चंद्रपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश के नेतृत्व में आमजन की समस्याओं को घर-घर जाकर सुनने एवं त्वरित समाधान के उद्देश्य से चलाया गया अध्यक्ष तूहर द्वार अभियान आज मां चंद्रहासिनी वार्ड में खत्म हुआ। 21 दिसंबर से प्रारंभ हुए इस जनसंपर्क अभियान के तहत नगर के सभी 15 वार्डों में अध्यक्ष स्वयं पहुंचे और नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित किया। इस अभियान के दौरान अध्यक्ष ने हर गली मोहल्ले में



जाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही कई मामलों में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।
नगरवासियों ने बिजली आपूर्ति की अनियमितता, पेयजल संकट, सीसी रोड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, महतारी वंदन योजना, राशन कार्ड, नाली सफाई सहित अनेक मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से रखा। बड़ी संख्या में लिखित आवेदन भी प्राप्त हुए, जिन्हें संज्ञान में लेते हुए शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया। अध्यक्ष ओमप्रकाश ने कहा कि श्नगर की जनता ने हमें सेवा का अवसर दिया है, और हमारा कर्तव्य है कि हर नागरिक की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। अध्यक्ष तूहर द्वार केवल एक अभियान नहीं बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी है। किसी भी वार्ड की समस्या अनसुनी नहीं रहेगी और सभी विभागों के माध्यम से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

## वीबी जी राम जी योजना से रोजगार के साथ गांवों के विकास को मिलेगी नई दिशा

**रायगढ़।** राष्ट्रीय पेसा दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ग्रामीणों को केंद्र सरकार की वीबी जी राम जी योजना के तहत किए जाने वाले विकासात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इससे ग्रामीण विकास व रोजगार को नई दिशा मिलेगी।

ग्राम सभा में बताया कि मनरेगा को उन्नत करते हुए इस योजना के माध्यम से अब 125 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि पहले 100 दिवस का रोजगार दिया जाता था। इस प्रकार ग्रामीणों को 25 दिवस का अतिरिक्त रोजगार मिलेगा। संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण




एवं आयुक्त मनरेगा तारन प्रकाश सिन्हा ने योजना के प्रचार के संबंध में कहा है कि वीबी जी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार होगी, जिन्हें पोएम गतिशक्ति और राष्ट्रीय स्थानिक योजना प्रणालियों से जोड़ा जाएगा। पंचायतों की भौगोलिक स्थिति, नगरीकरण की दिशा और स्थानीय विकास आवश्यकताओं के अनुसार योजनाएं बनाई जाएगा।

## नाली निर्माण पूरा नहीं, पशु चिकित्सालय पहुंचने में दिक्कत



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर द्वारा सौंदर्यीकरण का काम शुरूआत स्टेड स्थित पशु चिकित्सालय से की है। वहां पहले पानी निकासी को ध्यान में रखते हुए नाली निर्माण किया जा रहा है।
नाली निर्माण के लिए ठेकेदार ने रुचि नहीं ली। ऐसे में बीते डेढ़ महीने से पशु चिकित्सालय के डॉक्टर एवं कर्मचारियों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। इस संबंध में जानकार बताते हैं कि ठेकेदार ने इस काम के लिए रूचि नहीं दिखाई इसलिए उस काम को निरस्त कर दिया गया है और इसका पुनः टेंडर करने की कवायद की जा रही है।

## सुंदरगढ़ में किया गया बीजद का 29वां स्थापना दिवस का आयोजन

- बीजद ने साधा डबल इंजन सरकार पर निशाना
- करमडीही मैदान में पार्टी की विशाल जनसभा

**सुंदरगढ़।** ओडिशा पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बीजू पटनायक के नाम पर 26 दिसंबर 1997 को गठित बीजू जनता दल ने अपने 28 वर्ष पूर्ण कर राज्यभर में 29वां स्थापना दिवस मनाया। इसी क्रम में सुंदरगढ़ जिला बीजेडी की ओर से जिला अध्यक्ष सह विधायक योगेश कुमार सिंह के नेतृत्व में करमडीही स्कूल मैदान में भव्य समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे बीजू पटनायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई, जिसके बाद सभी नेता कार्यकर्ता सभा स्थल पहुंचे। समारोह में सुंदरगढ़ सदर, तलसरा और राजगांगपुर



विधानसभा क्षेत्रों से हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, युवा व छात्र शामिल हुए। सभा से पूर्व वंदे उत्कल जननी का सामूहिक गायन तथा दिवंगत बीजेडी नेता आनंद चंद्र महांति को श्रद्धांजलि दी गई। सभा में पूर्व मंत्री मंगला किसान और अनिल बरवा सहित कई नेताओं ने डबल इंजन सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। वक्ताओं ने महिलाओं की सुरक्षाए जनविरोधी नीतियों और पूंजीपतियों को संरक्षण देने के आरोप लगाए तथा कार्यकर्ताओं से जनजागरण का आह्वान किया। समारोह में जितु दास समेत बड़ी संख्या में नेता, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक उपस्थित रहे।

## माओवादियों की जनअदालत के बजाए अब पर्यटकों की भीड़

**सुंदरगढ़।** बिसरा एक समय था जब सारंडा जंगल के अंतर्गत आने वाला थालकोबाद क्षेत्र अत्यधिक नक्सल प्रभावित इलाके के रूप में जाना जाता था। अब यह क्षेत्र लगभग नक्सल मुक्त हो चुका है। सरकारी योजनाओं और मजबूत पुलिस व्यवस्था के कारण इस इलाके में आज शांति लौट आई है। इसी का परिणाम है कि थालकोबाद के ऊंचे पहाड़, घने जंगल और सुंदर घाटियां अब बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं।

नववर्ष के स्वागत और पुराने वर्ष की विदाई के लिए दूर दूर से लोग थालकोबाद की ओर आ रहे हैं। यहां मौजूद थालकोबाद गुफा, जुम्बाई बुरुई जलप्रपात, लिगिरिदा दलदल,किरीबुरु सनसेट प्वाइंट और घाघीर्थी जलप्रपात पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण बने हुए हैं। सुंदरगढ़ जिले के बिसरा ब्लॉक कार्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित थालकोबाद अब शहरी पर्यटकों की पहली पसंद बनता जा



रहा है। घने जंगलों के बीच स्थित पहाड़ और प्राकृतिक सौंदर्य लोगों के मन को सहज ही मोह लेते हैं। विशेष रूप से शीत ऋतु में यह स्थान और भी अधिक आकर्षक हो जाता है। नक्सल भय के कारण पहले लोग नहीं आ पाते थे। पर्यटकों का कहना है कि बिश्रा और झारखंड राज्य के मनोहरपुर शहर के इतने पास होने के बावजूद नक्सल भय के कारण पहले लोग यहां आने से कतराते थे। लेकिन धीरे धीरे नक्सलवाद के समाप्त होने के साथ अब इस क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जंगलों के बीच झरनों की कल कल ध्वनि, शुद्ध हवा और प्राकृतिक सौंदर्य मन को अपार शांति प्रदान करते हैं।

**महिलाओं की एकजुटता से गांव को नशामुक्त बनाने की पहल**

# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

नगर से लगे चंद्रपुर थाना के अंतर्गत ग्राम नवापारा में लंबे समय से चल रही अवैध शराब बिक्री को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गांव में खुलेआम बिक रही शराब के कारण न सिर्फ सामाजिक माहौल खराब हो रहा था, बल्कि युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आकर अपने भविष्य को भी अंधकार में धकेल रही थी। स्थिति यहां तक पहुंच गई कि शराब के नशे में असामाजिक तत्वों द्वारा गाली गलौज, मारपीट और अशांति की घटनाएं लगातार बढ़ने लगीं, जिससे पूरा गांव भय और तनाव के माहौल में जीने को मजबूर था।

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए गांव की महिला समूहों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने एकजुट होकर शराब बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोल



दिया। इसी कड़ी में उपसरपंच सुलोचना सिदार के नेतृत्व में महिला समूहों एवं आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और गांव में शराब बिक्री पूर्ण रूप से बंद कराने की मांग की। ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं। शासन के निर्देशानुसार 26 दिसंबर को सरपंच ग्राम पंचायत नवापारा म की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम सीमा में किसी भी प्रकार की शराब बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि यदि कोई व्यक्ति शराब बेचते हुए या सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## वीर साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को किया गया नमन

**राजगांगपुर।** धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए वीर बाल दिवस के अवसर पर आज राजगांगपुर शहर में श्रद्धा और गरिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यह आयोजन ओसीएल मार्केट गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा कमेटी के बैनर तले अपराह्न 3.30 बजे प्रारंभ हुआ।

शोभायात्रा ओसीएल मार्केट स्थित गुरुद्वारा से आरंभ होकर एप्रोच रोड, नायर चौक, सूता मिल माटी गेट और हरि मिशन चौक से होते हुए रानीबंध गुरुद्वारा पहुंची। वहां शब्द कीर्तन और जलपान सेवा के पश्चात संध्या 5.30 बजे कार्यक्रम का समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 से प्रतिवर्ष 26 दिसंबर




को देशभर में वीर बाल दिवस मनाया जाता है और इसी परंपरा के तहत वर्ष 2024 से राजगांगपुर में शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। ओसीएल मार्केट गुरुद्वारा के ग्रंथि गुरमीत सिंह और रानीबंध गुरुद्वारा के वरिष्ठ ग्रंथि ने चार साहिबजादों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके त्याग, साहस और अडिग आस्था को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि कम आयु में भी साहिबजादों ने धर्म की रक्षा हेतु प्राण न्योछावर कर दिए।